अभ्यास कार्य - 3

हिंदी - ख्रा

क्रमसं० - 3

जुलाई

अंतरा

1. भीष्म साहनी - गाँधी, नेहरु और . . . ।

1. कश्मीर के लोगों ने नेहरु जी का स्वागत किस प्रकार किया ?
2. अखबार वाली घटना से नेहरु जी के व्यक्तित्व की कौनसी विशेषता स्पष्ट होती है ?
3. अराफ़ात के आतिथ्य प्रेम से संबंधित किन्हीं दो घटनाओं का वर्णन कीजिए ।
4. गाँधी जी के संदर्भ में अराफ़ात ने ऐसा क्यों कहा कि - 'वे आपके ही नहीं हमारे भी नेता हैं' ।
5. लेखक भीष्म साहनी अफ्रीका किस संदर्भ में गए थे ?

2. असगर वजाहत : शेर, पहचान, साझा, चार हाथ

1. कहानी में 'शेर' सत्ता के किस रूप को उद्घाटित करता है ?
2. 'प्रमाण से अधिक महत्त्वपूर्ण विश्वास होता है' - कहानी के आधार पर टिप्पणी करें ।
3. आँख, कान और मुँह बंद करवाने के पीछे राजसत्ता का क्या उद्देश्य होता है ?
4. चार हाथ न लग पाने की विवशता पर मिल मालिक ने क्या युक्ति निकाली ?
5. शक्तिशाली और निर्बल के बीच कैसी साझेदारी होती है ?

3. निर्मल वर्मा - जहाँ कोई वापसी नहीं

1. पाठ में भारत के नए शरणार्थी किसे कहा गया है ?

कृपया पृष्ठ उ०

2 गाँवों से विस्थापित होकर शहरों की ओर आने वाले लोगों का जीवन गाँवों में कैसा होता है और शहरों में किस प्रकार का हो जाता है ?

3 विकास के नाम प्रकृति को नष्ट किया जा रहा है और साथ ही उस परिवेश से जुड़ी आबादी को भी उजाड़ा जा रहा है – पाठ के आधार पर टिप्पणी कीजिए।

4 यूरोप और भारत की पर्यावरण संबंधी चिंताएँ किस प्रकार भिन्न हैं ?

5 टिप्पणी कीजिए – क) प्रकृति, मनुष्य और संस्कृति के बीच आपसी संबंध
(ख) औद्योगीकरण की अनिवार्यता

4 विद्यापति - पद

1. विद्यापति की नायिकाओं की विरह में क्या दशा होती है – पदों के आधार पर वर्णन कीजिए।
2. विद्यापति आदिकाल और भक्तिकाल के संधिकवि कहे जाते हैं – क्यों ?

5. केशव – रामचंद्रिका

1. काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए –
   क. चहुँ ओरनि नाचति मुक्तिनटी गुन धूरजटी जटी पंचवटी
   ख. सिंधु तर्‌यो उनको बनरा, तुम पै धनुरेख गई न तरी
2. चारमुख, पाँचमुख और षटमुख का देवी सरस्वती से क्या संबंध है ?
3. हिंदी कविता को केशव की क्या देन है ?

6. अपना मालवा – प्रभाष जोशी

1. मालवा में विक्रमादित्य, भोज और मुंज ने पानी के रखरखाव के लिए क्या प्रबंध किए ?
2. धरती का वातावरण गरम क्यों हो रहा है ? इसमें यूरोप और अमेरिका की क्या भूमिका है ?

7. अभिव्यक्ति और माध्यम - अप्रत्याशित विषयों पर लेखन

1. निम्न विषयों पर लगभग 200 शब्दों का फ़ीचर लिखें -

क. झरोखे से बाहर

ख. मेरा प्रिय टाइमपास

ग. चाय की दुकान

घ. ब्यूटी सैलून में एक घंटा

ङ. साप्ताहिक लगने वाला बाजार ।